वीयू की प्रथम महाकौशल विज्ञान मेले में सक्रिय सहभागिता

नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर के यशस्वी कुलपति प्रोफेसर मनदीप शर्मा जी के कुशल मार्गदर्शन एवं पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय जबलपुर के अधिष्ठाता डॉ. राजेश कुमार शर्मा जी तथा अधिष्ठाता मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय डॉ. शशिकांत महाजन के निर्देशन में विश्वविद्यालय अमृतकाल में विज्ञान, तकनीकी एवं अन्वेषण थीम आधारित प्रथम महाकौशल विज्ञान मेला 2024 में सहभागिता कर रहा है, दिनांक 15 नवंबर से शुरू होकर 18 नवंबर 2024 तक चलने चार दिवसीय विज्ञान मेला, पशु चिकित्सा एवं पशुपालन विज्ञान महाविद्यालय के परेड ग्राउंड में आयोजित हो रहा है, यह कार्यक्रम महाकौशल विज्ञान परिषद, आई.आई.आई.टी.डी.एम. जबलपुर एवं एम.पी.सी.एस.टी. भोपाल के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया जा रहा है, इस मेले में विभिन्न तकनीकी, विज्ञान मॉडल के साथ पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय जबलपुर एवं मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय जबलपुर के विभिन्न विभागों द्वारा पंचगव्य उत्पाद, लम्पी स्किन बिमारी, एंटीबायोटिक प्रतिरोध, विषैले पौधे, दंत परीक्षण से गायों के आयु का निर्धारण, थनैला रोग पशु प्रजनन की आधुनिक तकनीक, विभिन्न बीमारियों का

आधुनिक निदान, मछ्ली पालन, आर.ए.एस. सिस्टम, विभिन्न प्रकार के प्रयुक्त होने वाले जाल, आहार दाना, पालने योग्य मछलियां, रंगीन मछलियां एवं एक्वेरियम एसेसरीज जैसे विषयों पर विषय पर मॉडल तथा अन्य प्रदर्शनी के माध्यम से जानकारी दी जा रही है। प्रदर्शनी के कार्य को सुचारू रूप से संपादित करने हेतु डॉक्टर आनंद जैन डॉ. सोना दुबे, डॉ. रुचि सिंह, डॉ. हरि, शिव मोहन तथा स्नातकोत्तर के छात्राओं का विशेष योगदान रहा ।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर